दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | शुक्रवार 23 मई -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 153 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## राजस्थान के बीकानेर दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने साफ और सख्त लफ्जों में कहा -

# 'मोदी का दिमाग ठंडा, लेकिन नसों में बह रहा गर्म सिंदूर'

**जयपुर/बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन सभी रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित किया गया था।

अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा- मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती।

**पाकिस्तान को घुटनों टेकने पर मजबूर किया :** पीएम मोदी ने कहा- एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे।

आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा।

**सिंदूर बारूद बनाता है तो क्या होता है :** पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा- हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी।

यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है।

**तीन नियम तय किए, हमले का करार जवाब देंगे :** पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी।

एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का 'स्टेट और नॉन-स्टेट' वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## संयुक्त अरब अमीरात की धरती पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा-

# करेंगे प्रायोजित आतंकवाद का पर्दाफाश



### - हमारा उद्देश्य स्पष्ट और अडिग, हम कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गर्व महसूस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात पहुंच चुका है। संयुक्त अरब अमीरात ने रणनीति-राजनयिक मिशन पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में पहुंचे गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने आबू धाबी में भारत का पक्ष रखा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हम अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने राष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर गर्व महसूस कर रहे हैं और वैश्विक मंच पर भारत की आवाज को बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य स्पष्ट और अडिग है। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदार्फाश करना है। हम ऑपरेशन सिंदूर की उल्लेखनीय सफलता को उजागर करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय कानून में निहित भारत के आत्मरक्षा के अधिकार को सुदृढ करेंगे। यह प्रतिनिधिमंडल भारत की आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ नीति और वैश्विक शांति तथा सुरक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करेगा।

### मोहम्मद ओबैद अल काबी और शेख नेहयान के साथ की महत्वपूर्ण बैठक





करंट क्राइम। संयुक्त अरब अमीरात में राजनीतिक-रणनीतिक मिशन पर भारत का सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल पहुंच चुका है। इस कूटनीतिक मिशन का उद्देश्य आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टोलरेंस नीति को सशक्त रूप से प्रस्तुत करना है और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से वैश्विक साझेदारों को अवगत कराना है। गुरुवार को अबू धाबी में भारत के प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसद अतुल गर्ग, सांसद बांसुरी स्वराज, सांसद मोहम्मद बशीर, सांसद सस्मित पात्रा, राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा, पूर्व सांसद एसएस अहलूवालिया और राजदूर सुजन चिनोय ने अबू धाबी के राष्ट्रीय मीडिया कार्यालय में महानिदेशक महामहिम डॉ. जमाल मोहम्मद ओबैद अल काबी और टोलरेंस मंत्री महामहिम शेख नेहयान बिन मुबारक अल नेहयान से महत्वपूर्ण और रचानात्मक बैठक की। इन बैठकों में आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने में मीडिया की भूमिका पर गहन चर्चा हुई। आतंकवाद के सभी स्वरूपों का मुकाबला करने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई गई।






## राजस्थान के बीकानेर दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने साफ और सख्त लफ्जों में कहा -

# 'मोदी का दिमाग ठंडा, लेकिन नसों में बह रहा गर्म सिंदूर'

**राजस्थान के बीकानेर दौरे पर आए पीएम नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच कोई बातचीत नहीं होगी। अब अगर, भारत पाकिस्तान से बात करेगा तो वह सिर्फ पीओके पर ही करेगा। पानी नहीं दिया जाएगा, व्यापार नहीं होगा।**

### 'पाक के साथ प्यार नहीं तो व्यापार नहीं'
### 'पाक का असली चेहरा अब दुनिया देखेगी'
### 'आतंक का फन कुचलने की यही नीति है'
### ये प्रतिशोध नहीं न्याय का नया स्वरूप है
### सिंदूर मिटाने वाले मिट्टी में मिला दिए गए
### दुश्मनों ने सिंदूर को बारूद बनते देखा




### 'आतंकियों ने धर्म पूछकर सिंदूर उजाड़े'
### '22 मिनट में आतंक के ठिकाने तबाह किए'
### 'देश में नई ट्रेनें देश की प्रगति का सूचक'
### 'ओवर, अंडरब्रिज का तेजी से निर्माण'
### 'विकसित भारत की दिशा में अग्रसर'
### 'राजस्थान रिफाइनरी का काम अंतिम चरण में'

#### पहले ही कहा था- देश नहीं मिटने दूंगा

पीएम मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चूरू में मैंने कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं।

#### पाकिस्तान को पानी नहीं मिलेगा

पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। यह भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं डिगा सकती। पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन देने की कीमत चुकानी ही पड़ेगी।

#### 11 साल में राजस्थान में 70 हजार करोड़ खर्च किए

पीएम नरेंद्र मोदी ने देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया और बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने कहा- 11 साल में राजस्थान में करीब 70 हजार करोड़ खर्च किए गए हैं। केंद्र सरकार प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए करीब 10 हजार करोड़ खर्च कर रही है। 2014 की तुलना में यह 15 गुना ज्यादा है।

#### सीधा सीने पर प्रहार किया, यह न्याय का नया स्वरूप है

पीएम मोदी ने कहा- यह प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर हमला किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया गया है।

#### मेरी नसों में सिंदूर बह रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।

**जयपुर/बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन सभी रेलवे स्टेशनों को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित किया गया था।

अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा- मेरी नसों में अब गरम लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती।

**पाकिस्तान को घुटनों टेकने पर मजबूर किया :** पीएम मोदी ने कहा- एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा।

**सिंदूर बारूद बनाता है तो क्या होता है :** पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा- हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी।

यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है।

**तीन नियम तय किए, हमले का करार जवाब देंगे :** पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी। एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का ₹स्टेट और नॉन-स्टेट₹ वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा।

**पाकिस्तान का एयरबेस आईसीयू में पड़ा :** पीएम ने कहा- पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन वह उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका।

---

## जासूसी मामले में ज्योति की चार दिन की रिमांड बढ़ी




### पाक कनेक्शन की जांच जारी

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को कोर्ट में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने ज्योति की चार दिन की रिमांड बढ़ा दी है। हिसार पुलिस ज्योति को गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई थी। करीब डेढ़ घंटे तक उसकी रिमांड पर बहस चली। जिसके बाद हिसार पुलिस को उसकी 4 दिन का रिमांड मिल गई। इस दौरान किसी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की। पेशी के वक्त ज्योति से उके पिता हरीश मल्होत्रा को नहीं मिलने दिया गया। ज्योति 16 मई को गिरफ्तार हुई थी।

वहीं, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने पुलिस रिमांड के दौरान ज्योति मल्होत्रा से तीन दिन तक पूछताछ की है। इसमें सभी एजेंसियों ने अपने-अपने तरीके से तथ्य जुटाकर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। बुधवार को कोई केंद्रीय जांच एजेंसी पूछताछ के लिए नहीं पहुंची। इस पर सिविल थाना पुलिस ने सेंट्रल जेल में ज्योति से सवाल पूछे।

जांच अधिकारी इंस्पेक्टर निर्मला ने ज्योति से यूट्यूब पर वीडियो बनाने से लेकर पाकिस्तान की तीन बार की यात्राओं तक के बारे में जानकारी हासिल की। ज्योति से पहलगाम की घटना के बाद बनाए गए वीडियो के बारे में भी पूछताछ की। पुलिस ने ज्योति मल्होत्रा को वीरवार को अदालत में पेश किया।

#### अभी तक नहीं मिला ज्योति को वकील

ज्योति की ओर से अभी केस लड़ने के लिए कोई वकील नियुक्त नहीं किया गया है। ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि मेरे पास वकील करने के सिए पैसे नहीं हैं। मुझे पता नहीं कि वकील कैसे किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पिछले पांच दिन से मीडिया और पुलिस के अलावा मेरे घर कोई नहीं आ रहा। पड़ोसी और रिश्तेदारों ने दूरी बना ली है।

## जापान ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख की सराहना की

### भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर...



**नई दिल्ली।** सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमडंलों में से एक प्रतिनिधिमंडल आज जापान की राजधानी टोक्यो पहुंच गया। यह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में टोक्यो पहुंचा, जिसमें हेमांग जोशी, जॉन ब्रिटास, संजय झा, अपराजिता सारंगी, बृजलाल, अभिषेक बनर्जी, प्रदान बरुआ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद और पूर्व राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं।

टोक्यो में भारतीय दूतावास पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ दूतावास में बैठक की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि 'नौ सांसदों वाला एक प्रतिनिधिमंडल जापान आया है। सबसे पहले हम भारतीय दूतावास आए हैं, जहां हमारी राजदूत और दूतावास के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। हम जापान के बारे में चीजें समझना चाहते हैं और ये जानना चाहते हैं कि जापान का पहलगाम आतंकी हमले पर क्या सोचना है। इसके बाद हम विभिन्न कार्यालय जाएंगे और जापान सरकार के अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे। मैं इन बैठकों को लेकर बेहद आशावान हूं।'

**जापान के अलावा इन देशों का दौरा करेगा प्रतिनिधिमंडल :** यह प्रतिनिधिमंडल जापान के बाद इंडोनेशिया, मलयेशिया, कोरिया गणराज्य, सिंगापुर भी जाएगा और आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भारत का पक्ष इन देशों के सामने रखेगा।

**'यह सरकार के खूबसूरत फैसलों में से एक' :** राजद नेता मनोज कुमार झा ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की निरंतर लड़ाई को प्रदर्शित करने के लिए प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों पर कहा, 'बीते कुछ वर्षों में सरकार ने जो फैसले लिए हैं, यह उनमें से एक खूबसूरत फैसला है। ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात दुनिया के हमारे कई सारे मित्र देश, जिनकी हमने समय-समय पर मदद भी की वह खुलकर सामने नहीं आए और यह पीड़ा किसी राजनीतिक पार्टी की नहीं बल्कि पूरे देश की है। समाज के बीच जो नफरत बोई जा रही है, जिसकी कोशिश पहलगाम में भी की गई, उसको ध्वस्त करने के लिए प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में जाए, यह जरूरी है।'

### संयुक्त अरब अमीरात में शीर्ष नेतृत्व से मिला भारतीय प्रतिनिधिमंडल





शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त अरब अमीरात के सहिष्णुता और सह-अस्तित्व मंत्री शेख नाहयान मबारक अल नाहयान से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, आईयूएमएल सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा सांसद अतुल गर्ग, बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा, भाजपा के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील मनन कुमार मिश्रा, भाजपा नेता रर अहलूवालिया और राजदूत सुजान चिनॉय शामिल हैं। इसके बाद यह दल यूएई, लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन की यात्रा करेगा।

**जापान के विदेश मंत्री से मिला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल :** जेडीयू सांसद और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करने वाले संजय कुमार झा ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मुलाकात पर कहा, 'हम लोगों ने भारत की बात बहुत ही मजबूती से रखी।

## खोड़ा में आंधी-तूफान ने मचाया कहर, दीवार गिरने से महिला की मौत, 6 लोग घायल





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में बुधवार रात आए तेज आंधी-तूफान ने शहर में भारी तबाही मचाई। सबसे ज्यादा असर खोड़ा कॉलोनी के सरस्वती विहार क्षेत्र में देखने को मिला, जहां तेज हवाओं के कारण एक मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। यह दीवार पास की झुग्गियों पर जा गिरी, जिससे बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 33 वर्षीय महिला पानू देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वह रविंदर की पत्नी थीं। घटना के बाद उनके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। अचानक आए आंधी तूफान से 6 लोग घायल हो गए। घायलों में शामिल हैं - गणेश (7 वर्ष), संतोष (14 वर्ष), बबलू (11 वर्ष), सर्फी देवी (20 वर्ष), मिथु कुमार (12 वर्ष), प्रियांशी (8 माह की शिशु)। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

### मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विश्वकर्मा समाज के लोगों ने गुरुवार देर शाम को मालीवाड़ा में शहर विधायक संजीव शर्मा का स्वागत किया। क्षेत्र के साथ समाज से जुड़ी हुई समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। इस मौके पर मुख्य रूप से कृष्ण पांचाल, किरण पांचाल, मुकेश पांचाल, पवन पांचाल, राजेश पांचाल, शेखर पांचाल, प्रेमपाल पांचाल, नितिन त्यागी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## वसुंधरा सेक्टर 8 बिजली घर पर लोगों ने किया प्रदर्शन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 4 ए मनोकामना अपार्टमेंट में बुधवार आंधी तूफान आने के बाद 24 घंटे से ज्यादा हो गए हैं, और कॉलोनी में लाइट नहीं आई है।

पानी की सप्लाई भी नहीं हुई है जिसकी वजह से पानी की टंकिया भी सूख गई हैं और बिना बिजली के कॉलोनी में बच्चे बुजुर्ग त्रस्त हो गए है। सभी कॉलोनी वासियों ने रोष में आकर वसुंधरा सेक्टर 8 बिजलीघर बिजली घर का घेराव किया और बिजली आपूर्ति की मांग की।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बृजपाल सिंह ने कहा कि हम सब समस्या को समझते हैं। लेकिन 24 घंटे से ज्यादा हो गए हैं और बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। महासचिव भारत डोरवी ने कहा कि 24 घंटे से कॉलोनी में लाइट ना होने से पानी की सप्लाई नहीं है। कॉलोनी वासी इस समय बहुत रोष में हैं। इस अवसर पर प्रदीप मिश्रा ने एसडीओ से कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए जोर दिया।

इस बिजली घर के घेराव में बृजपाल सिंह, भारत डॉर्बी, प्रदीप मिश्रा, विपिन कुमार सिंह, भास्कर दे, संजय मीणा, प्रवीण तिवारी, विनोद रावत, विवेक शर्मा, अमित पाठक, सुनील बहुखंडी, सार्थक तोमर, मनोज सिंह, रंजीत पाठक, संतोष सिंह, मुकेश शर्मा, के सी तिवारी, प्रदीप शुक्ला, शेर सिंह, विवेक रावत, विग्नेश त्यागी, गजानंद सिंहा,नीरज कुमार ,राहुल,अखिलेश यादव, धीरज तंवर, व नेगी जी आदि लोग मौजूद रहे।

## साहिबाबाद के कई इलाकों में बिजली गुल होने से परेशान लोग सड़कों पर उतरे







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** आंधी-बारिश के कारण गुरुवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 24 घंटे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रही। स्थिति यह रही कि गुरुवार शाम करीब पांच बजे गुल हुई बिजली सप्लाई शहरी क्षेत्र में देर रात दो बजे तक चालू हुई। बिजली न होने से लोग गर्मी और पीने के पानी के लिए परेशान हुए। मौसम में गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही साहिबाबाद में बिजली उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विद्युत निगम का निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा भी हांफने लगा है। आंधी के दौरान साहिबाबाद के राजेंद्र नगर, लाजपतनगर, श्यामपार्क, शालीमार गार्डन, पसौंडा बृजविहार, सूर्यनगर, कौशांबी, वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम खोड़ा सहित विभिन्न इलाकों में आंधी के दौरान पेड़ गिर गए। बिजली के तार और खंभे टूट गए। इससे कई बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में भी बिजली न होने से लोगों ने सड़क पर जाम लगाया।

## बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा में चूक



**मुंबई।** मंगलवार को शख्स ने घुसने की कोशिश की : सबसे पहले मंगलवार को सलमान खान की सिक्योरिटी को चकमा देकर एक शख्स ने उनके घर में घुसने की कोशिश की। यह युवक कार में पीछे छिपकर सलमान के बिल्डिंग परिसर में घुसने में कामयाब भी हो गया। हालांकि, सिक्योरिटी गाड्र्स ने इसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। युवक का नाम जितेन्द्र कुमार सिंह है, जो छत्तीसगढ़ का बताया जा रहा है। बल्डिंग में रहने वाले व्यक्ति की कार में छिपकर पहुंचा : इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि युवक को पहले सुबह सलमान के घर के आसपास घूमते देखा गया। वहां तैनात एक पुलिसकर्मी ने उसे जाने के लिए कहा। बाद में शाम को युवक बिल्डिंग में रहने वाले एक व्यक्ति की कार में बैठकर गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसा। हालांकि, पुलिस ने उसे फिर से रोक लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह अभिनेता से मिलना चाहता था। लिफ्ट से सलमान के फ्लैट तक पहुंची गई थी महिला इसके बाद बुधवार रात एक अंजान महिला ने भी सलमान के घर में घुसने की कोशिश की। मुंबई पुलिस के मुताबिक, ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने रात को लगभग 3 :30 बजे सलमान के घर में घुसने का प्रयास किया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 23 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पांच टंकी, पांच साल और पांच अधिकारी

## विधायक संजीव शर्मा ने बुला लिए पांच इंजीनियर और ले ली जिम्मेदारी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा जनहित के मुद्दों को लेकर पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। विधायक बनने के बाद वो जबर्दस्त पारी खेल रहे हैं। वो क्षेत्र के लोगों की सुविधा को लेकर सक्रिय हैं और जिस विधानसभा से वो विधायक चुने गए हैं, ये कहानी उस विधानसभा के लाइनपार क्षेत्र की है। मामला पुराना है और इस किस्से में पांच अधिकारी हैं, हिस्से में पांच वाटर टैंक हैं और किस्से में पांच वर्ष भी हैं।

किस्से में नगर निगम के पांच जोन भी हैं, किस्से में पत्राचार भी है। शहर विधायक संजीव शर्मा क्षेत्र में पानी समस्या का समाधान करा रहे हैं और उन्होंने विधायक बनते ही इस दिशा में कार्य शुरू किया और जब उन्होंने शहर विधानसभा में लाइनपार क्षेत्र में ये काम शुरू किया तो पता चला कि यहां जल निगम द्वारा पांच साल पहले पानी की सप्लाई के लिये पांच टंकियां बनाई गई थीं।

पानी की सप्लाई को लेकर शहर को पांच जोन में बांटा गया, जिन्हें एक-दो-चार-पांच और सात नंबर दिये गये, लेकिन पांच साल बीतने के बाद भी क्षेत्र के हजारों लोगों को पानी का कनेक्शन नहीं मिला और जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने के लिये जो सड़कें खोदी गई थीं वो आज तक भी दोबारा नहीं बनाई गईं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस मामले को कुछ दिन पहले उठाया था। उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को पत्र लिखा था और जब ये मामला गुरुवार को उनके सामने पहुंचा तो संजीव शर्मा ने इस पर एक्शन लिया।

उन्होंने अपने कार्यालय में ही सभी विभागों के इंजीनियर बुला लिये और इस बात को सुनिश्चित किया कि समस्या का समाधान हो। शहर विधायक संजीव शर्मा ने जल निगम के मुख्य अभियंता आरके पंकज से इस समस्या का समाधान करने को कहा।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने अधिशासी अभियंता विद्युत यांत्रिक सीएस सोलंकी, अधिकशासी अभियंता संजय कुमार, अधिशासी अभियंता ब्रह्मानंद, अवर अभियंता सोनू, अवर अभियंता विपिन कुमार के साथ बैठकर इस पूरे विषय पर अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन लोगों को पानी के कनेक्शन नहीं दिये गये हैं उन्हें तुरंत कनेक्शन दिये जाएं। पानी की पाइप लाइन डालने के लिये जो सड़क खोदी गई थी उसे तुरंत बनाया जाए।

अभियंताओं ने शहर विधायक संजीव शर्मा को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस विषय पर काम हो जाएगा। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनसमस्याओं का त्वरित समाधान है। जनता को सुविधा मिलनी चाहिए।

# एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते किया अरेस्ट

## जमीन की दाखिल खारिज के लिए मांगे थे 5 लाख, एक लाख की रिश्वत में मामला किया तय

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में एंटी करप्शन टीम ने एक लेखपाल को 1 लाख रुपये की रिश्वत के साथ अरेस्ट किया है। एक किसान से जमीन के दाखिल खारिज के लिए लेखपाल ने 5 लाख रुपये की घूस मांगी थी। इस किसान ने यह सूचना एंटी करप्शन के अधिकारियों को दी। जिसके बाद टीम ने लेखपाल की घेराबंदी के लिए जाल बिछा दिया।

जैसे ही किसान परवेज, लेखपाल को पैसे देने पहुंचा तभी लेखपाल सनित कुमार ने पैसे लेकर अपनी जेब में रख लिए। इसी बीच एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ लेखपाल को अरेस्ट कर लिया। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति को भी अरेस्ट किया है। जिसके बाद एंटी करप्शन मेरठ की टीम दोनों को लेकर मोदीनगर थाने पहुंची। जहां केस दर्ज कराया जा रहा है।

पूरी तहसील भ्रष्ट है। पीड़ित किसान ने कहा कि अकेला लेखपाल ही भ्रष्ट नहीं है। पूरी तहसील ही भ्रष्ट है। परवेज निवासी ताला फैक्ट्री मेरठ ने कहा कि मैंने एसडीएम को भी बताया था कि मेरा काम नहीं हो रहा है।

मुझे अधिकारी चक्कर कटवाते रहे। इसी पटवारी ने कई फाइलों के तीन तीन बार पैसे ले लिए। एसडीएम साहब चले भी गए। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

तीन साल पहले 4 बीघा जमीन जमीन तोड़ी तेरह बिसवा में खरीदी थी। आज पीड़ित एक लाख लेकर पहुंचा।

# मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर विधायक अजीत पाल त्यागी ने मुरादनगर के विकास की रखी बात

## बहादुरपुर गांव की चकबंदी प्रक्रिया को स्थगित कराने का किया निवेदन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर विधानसभा से भाजपा विधायक अजीत पाल त्यागी ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। खास बात ये है कि इस मुलाकात में वह मुरादनगर क्षेत्र के विकास का पूरा रोड मैप देकर आये हैं। खासतौर से विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मार्गों के चौड़ीकरण, मरम्मत, पुर्ननिर्माण, नवनिर्माण, मिसिंग लिंक का प्रस्ताव उन्होंने मुख्यमंत्री को दिया है।

उन्होंने सीएम से विशेष मरम्मत के 9 कार्यों को प्रमुखता से रखा है। जिसमें दिल्ली, बरेली, लखनऊ मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाईल्स के उच्चीकरण का कार्य, रईसपुर सदरपुर मार्ग पर नाला निर्माण के कार्य सहित कई काम शामिल हैं। इसके अलावा विधायक अजीत पाल त्यागी ने ग्राम विहिंग से गढ़ी कलंजरी हिंडन नदी के पुल तक मिसिंग लिंक का कार्य और रेवड़ा-रेवड़ी से गढ़ी कलंजरी हिंडन नदी के पुल तक मिसिंग लिंक का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा नव निर्माण के कार्यों की वरियता में उन्होंने काजीपुरा डासना मार्ग, पाईप लाईन से चांवड मंदिर तक मार्ग, आदित्य ग्रीन सिटी तक मार्ग, अटौर में शिव मंदिर तक मार्ग का निर्माण, शील फार्म हाऊस से राम नगर कॉलोनी तक मार्ग का निर्माण सहित लगभग 18 सड़कों के नवनिर्माण के प्रस्ताव मुख्यमंत्री को दिये हैं।



### रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत के कार्यों को रखा प्रमुखता से

करंट क्राइम। विधायक अजीत पाल त्यागी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दिये गये प्रस्तावों में दिल्ली, बरेली, लखनऊ मार्ग के राजनगर, रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत का कार्य एवं डासना रेलवे ओवर ब्रिज की मरम्मत के कार्य को प्रमुखता से रखा है। सड़का सुरक्षा से जुड़े कार्य को वरियता देते हुए विधायक अजीत पाल त्यागी ने दिल्ली, बरेली, लखनऊ मार्ग के चैनेज 22.330 से 24.550 पर हापुड चुंगी से गोविन्दपुरम तक आरसीसी ड्रेन के निर्माण कार्य का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री को दिया है।

### ग्राम मोरटी में अंत्योष्ठि स्थल बनाये जाने का दिया प्रस्ताव

करंट क्राइम। विधायक अजीत पाल त्यागी ने ग्राम मोरटी खसरा संख्या – 1278 में बंजर भूमि की श्रेणी में परिवर्तन का प्रस्ताव दिया है। परिवर्तन प्रस्ताव के मद्देनजर वो ग्राम पंचायत मोरटी में अंत्योष्ठि स्थल का निर्माण कराना चाहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वह इस कार्य को प्राथमिकता से कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करें। खसरा संख्या– 1278 को शमशान घाट में दर्ज कराया जाये। इसके अलावा उन्होंने ग्राम बहादुरपुर के निवासियों द्वारा प्रार्थना पत्र पर विचार करने का निवेदन मुख्यमंत्री से किया है। ग्रामवासी क्षेत्र में चकबंदी प्रक्रिया पर रोक लगाना चाहते हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि चकबंदी प्रक्रिया पर रोक लगाई जाये।

# धर्म स्थापना संघ के अध्यक्ष ने लिखा गाजियाबाद की रामलीला समितियों के अध्यक्षों को खुला पत्र

## कहा, महाकुंभ की तर्ज पर रामलीलाओं में दिया जाए हिंदुओं को काम



धर्म स्थापना संघ

**रामलीला से सम्बन्धित किसी भी कार्यक्रम में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार की विधर्मियों की सहभागिता ना होने दी जाये। यहां उपेन्द्र गोयल ने किसी जाति या समुदाय को इंगित न करके विधर्मी शब्द पर फोकस किया है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अभी रामलीला मंचन एवं मेलों के आयोजन को लेकर काफी समय है। मगर इस सबके बीच धर्म स्थापना संघ के पत्र ने एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है। धर्म स्थापना संघ के संयोजक उपेन्द्र गोयल ने गाजियाबाद की सभी रामलीलाओं के समिति के अध्यक्ष, सदस्य एवं प्रबंधक मंडलों को पत्र लिखकर विनम्र निवेदन किया है कि महाकुंभ की तर्ज पर रामलीला से सम्बन्धित किसी भी कार्यक्रम में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार की विधर्मियों की सहभागिता ना होने दी जाये।


यहां उपेन्द्र गोयल ने किसी जाति या समुदाय को इंगित न करके विधर्मी शब्द पर फोकस किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि देश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशों में हाल ही में सम्पन्न हुआ महाकुंभ बिना विधर्मियों की सहभागिता के पूर्ण हुआ। ये समस्त देश के सम्मुख प्रमुख उदाहरण है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या, मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के पलायन, पहलगाम नरसंहार जैसी घटनाओं का अपने पत्र में उदाहरण दिया है। उन्होंने कहा है कि रामलीला समितियों का मालिकाना हक हिंदु समाज का है। राष्ट्रद्रोहियों और रामद्रोहियों का हमारे किसी भी कार्य से आर्थिक सशक्तिकरण हो और स्वीकार्यता बढ़े, ये सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए शर्मनाक होगा। अपने पत्र में श्री गोयल ने कई घटनाओं पर प्रकाश डाला है। फिलहाल अब इस पत्र पर रामलीला समितियों के अध्यक्ष क्या निर्णय लेते हैं, ये तो भविष्य के गर्भ में छिपा है लेकिन उपेन्द्र गोयल के इस पत्र ने गाजियाबाद में एक नई चर्चा को जरूर जन्म दे दिया है। बताते चले कि उपेन्द्र गोयल गाजियाबाद के प्रबुद्ध चेहरों में गिने जाते हैं।

वह अखिल भारतीय निर्माता संघ के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्यम विकास के अध्यक्ष, विश्व हिंदु परिषद मेरठ प्रांत के सहकोषाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती गाजियाबाद के जिला उपाध्यक्ष, व्यापारी सुरक्षा संस्थान के ट्रस्टी, नया गंज रेजीडेंट वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष, हिंदु इक्नामिक चैप्टर गाजियाबाद के संरक्षक, कृष्ण गौशाला के प्रचारमंत्री, ठाकुर द्वारा टेम्पल के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# एक पार्षद - दो किरदार : रात क्रांति, सुबह शांति

बोलता फोटो







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनगर से भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर काफी एक्टिव रहते हैं। उनके चाहने वाले उन्हें प्यार से पार्षद टॉम क्रूज भी कहकर बुलाते हैं। किसी हीरो की तरह इनका अंदाज उस वक्त दिखाई दिया जब बुधवार को गाजियाबाद में भारी आंधी–तूफान ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया। पेड़ टूटकर रास्तों पर आ गए और बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चौपट हो गई। मौसम की इस विकरालता के बीच पार्षद प्रवीण चौधरी घर पर बैठने के बजाए क्षेत्र में निकले। रात भर नगर निगम की टीम के साथ एक्टिव रहकर उन्होंने क्षतिग्रस्त पेड़ों को सड़क से हटवाया। रात भर जनता के कॉल रिसीव किए। राजनगर के प्रमुख सेंट्रल पार्क में भी काफी पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए थे। यहां पर भी उन्होंने सुबह पहुंचकर निगम की टीम के साथ पार्क की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाया। गुरुवार सुबह आईएस अधिकारी मयान जैन, उद्यान अधिकारी डॉक्टर अनुज सिंह के साथ पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे। पार्क के रखरखाव को देखकर वह काफी संतुष्ट नजर आए। पार्षद प्रवीण चौधरी के इस दौरान दो किरदार दिखाई दिए। एक किरदार में जहां वो जनता के लिए रात में सड़कों पर थे। तो दूसरे किरदार में वो जनप्रतिनिधि के तौर पर अपने क्षेत्र का प्रेजेंटेशन करने के लिए अधिकारी के समक्ष मौजूद थे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कभी–कभी हो जाता है नजरों से धोखा? लगता सिक्सर है, मगर महसूस होता है मारा है चौका? सुना है कुछ ऐसा ही हुआ नदिया पार के चर्चित गुर्जर चेहरे के साथ? महेन्द्र जी के स्वागत में वो हाथ में पटका लेकर खड़े थ साहब? तभी आया काफिला बैंकट हॉल के बाहर? निकाल कर पटका वो हो गये स्वागत के लिए तैयार? मगर यहां तो गेम ही पलट गया यार? एन्ट्री लेते ही हुए हैवीवेट वालों के दीदार? एक ही झटके में वापस जेब में चला गया पटका? जिसे निकाला था बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रहा था सोशल मीडिया पर भगवा पहलवान और भगवा कसाना के बीच में झगड़ा? तब इस झगडे का समस्या समझाने वाले ने कायदा? कहा अगर आप स्टोरी को ठीक से समझोगे? तो आपको पता चलेगा इन दोनों के झगड़े में होगा नागर को फायदा? कहने वाले ने कहा शहर से हो जायेगी महानमंत्री की एन्ट्री? बदल जायेगा सारा स्टेज? पहलवान के एक पैंतरे ने बंद कर दिये हैं नदिया पार के कई चेहरों के उम्मीदों वाले गेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसे–जैसे बढ़ रहा है समय? वैसे–वैसे भगवा गुंजन भैया की गूंज हो रही है गुंजायमान? पिछले दो दशकों से उन्होंने जो बात नहीं कही? मेरा अध्यक्ष मेरा अभियान बोल कर एक झटके में प्रकट कर दिये उन्होंने अपने अरमान? कहने वाले ने कहा वकील साहब यूं ही नहीं निकालते हैं अपने बोल? उनके शब्द बता रहे हैं कि भगवा फिल्म में उन्हें मिलने जा रहा है मजबूत वाला रोल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि युवा मोर्चा के एक कार्यकर्ता कहीं खड़े थे और उनके एहसास भगवा योद्धा को लेकर काफी बड़े थे? वो कह रहे थे हम भगवा योद्धा की हर अदा पर मरते हैं? हम काफी कुछ उनसे सीखते हैं? जब वो मेहनत करते हैं? मगर बढ़ जाती हैं हमारी धड़कने उनके सामने आते ही? ना जाने क्यों हम उन्हें कुछ कहने से डरते हैं? हमारी क्रिया पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी? बस हो जाते हैं यही सोचकर खामोश, इसलिए उनसे कुछ भी कहने से डरते हैं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के विहार में जब पूरे प्रताप पर था तिरंगा यात्रा वाला प्रोग्राम? हमने देखा यहां पर संगठन के एक नेता और क्षेत्र के आदमी के बीच हो गया धक्का–मुक्की वाला प्रोग्राम? संगठन के आदमी ने सामने वाले को कराया अपने बारे में एहसास? मगर सामने वाला भी कतई ढीठ था? वो चढ़–चढ़ कर आ रहा था साहब? कहने वाले ने कहा जैसे–तैसे कराने वालों ने कराया मामला शांत? सुना है कुछ मुखबिर इस मामले को हर जगह अपने तरीके से कर रहे हैं प्लांट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि रोड़ा वाले एरिया के भाटी जी रखते हैं दूरगामी सोच? वो समझ जाते हैं कब उन्हें साईलेंट होना है और कब करना है एप्रोच? हम देख रहे हैं तिरंगा यात्रा के बाद मिस्टर भाटी हो गये हैं अब पूरी तरह साईलेंट? हो गया है उन्हें इस बात का एहसास? भगवा योद्धा उनके एरिया से दे चुके हैं किसी और को आशीर्वाद? सुना है इसलिए रोड़ा वाले भाटी जी ने बंद कर दिये हैं अपने तमाम प्रयास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के चौधरी पार्षद हाऊस टैक्स बढ़ने वाली बात पर दे रहे हैं हर किसी को अलग ही तर्क? कह रहे हैं कौन सा बढ़ गया है इतना ज्यादा हाऊस टैक्स? हमें तो नहीं लग रहा, इससे पड़ेगा जनता पर कोई फर्क? चार गुना नहीं केवल डेढ़ गुना बढ़ा है टैक्स? परेशान वो हैं जिन्होंने बनाये हुए हैं तीन–तीन पैक्स? फिर उन्होंने अपने शब्दों को किया थोड़ा सा आसान? कहा तीन गुना हाऊस टैक्स पर वो चिल्ला रहे हैं? जिन्होंने एक मंजिल पर बना लिये हैं तीन–तीन मकान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भगवा पहलवान ने लिमिटिड कंपनी कह कर साधा था निशाना? सुना है अगले ही दिन उन्हें भेजा गया शास्त्री नगर वाले कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल रहने के लिए पैगाम? कहने वाले ने कहा इस पैगाम को सुनकर कार्यक्रम में उस हिसाब से नहीं आये पहलवान? कार्यक्रम स्थल के बाहर दिये उन्होंने अपने दीदार? जो भी आ रहा था उससे अपने प्रकट कर रहे थे विचार? फिर चले गये वो वापस? बाहर ही बाहर से देकर अपने दीदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वालों को मिला प्रबुद्ध सम्मेलन कराने का पहली बार मौका? सच बतायें उन्होंने पहली गेंद पर ही जड़ दिया चौका? पश्चिम में सबसे मजबूत कराया उन्होंने अपना प्रोग्राम? दे दिया देने वालों को अपने सिस्टम का पैगाम? कर दी बिन कहे उन्होंने काफी दिमागों में ये बात अर्ज? करा दिया एहसास कि मौका मिलता है तो हम भी मजबूती से कराना जानते हैं अपनी उपस्थिति दर्ज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा महामंत्री के दिल में थी एक बात की टीस? वो आपस में चर्चा कर रहे थे कि हमें मंच संचालन करने को नहीं मिल रहा? ये बातें आखिर कहां तक ठीक? सुना है पहलवान और कसाना की तकरार के बीच हो गया इस मामले में एक महानमंत्री का उद्धार? शास्त्रीनगर में हुए कार्यक्रम में उन्होंने मंच संचालन की बखूबी व्यवस्था संभाली यार? ये वो महानमंत्री हैं जिन्हें पास्ट में नहीं मिला दो दोस्तों से कभी प्यार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## संपादकीय

# ताकि भरोसा बना रहे

जस्टिस यशवंत वर्मा केस में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कुछ अहम सवाल उठाए हैं। जांच कमिटी के संवैधानिक आधार और अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं होने को लेकर उनकी चिंताओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है क्योंकि मामला न्यायपालिका की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से जुड़ा हुआ है। कमिटी की वैधता जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने घटना की जांच के लिए तीन जजों की आंतरिक कमिटी बनाई, जिसने आरोपों को विश्वसनीय माना है। लेकिन, उपराष्ट्रपति का यह कहना कि कमिटी की कोई संवैधानिक वैधता नहीं है – खुद इस जांच की विश्वसनीयता पर अंगुली उठा देना है। क्या कोई ऐसा तरीका निकाला जा सकता है, जिससे इन-हाउस इन्क्वॉयरी की प्रासंगिकता और संवैधानिक वैधता बनी रहे?
वीरास्वामी केस उपराष्ट्रपति चाहते हैं कि 1991 के सुप्रीम कोर्ट के वीरास्वामी फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। इस फैसले के मुताबिक ही सिटिंग जज के खिलाफ ऋप्रक के लिए उखककी मंजूरी चाहिए होती है। यह व्यवस्था इसलिए है ताकि न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य निभा सके।
सरकार के पाले में गेंद सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के सिटिंग जज को बर्खास्त या सस्पेंड करने का अधिकार भी सुप्रीम कोर्ट कलीजियम के पास नहीं है। कलीजियम काम वापस ले सकता है, ट्रांसफर की सिफारिश कर सकता है और जांच समिति बना सकता है। इस केस में जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और कमिटी की रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है।
पहला मामला महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। जटिलता कम हो भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ मौका है। इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व उखकसंजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। अब अगर यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है।

# एनएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 11 वर्षों में छह गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** एनएसई प्रमुख के अनुसार भारत के बाजार पूंजीकरण में जबरदस्त उछाल हुआ है। 11 वर्षों में यह छह गुना तक बढ़ गया है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख ने आगे क्या कहा, आइए जानते हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण लगभग छह गुना बढ़ गया है। एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने 16वें कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है।

### देश का बाजार पूंजीकरण 440 लाख करोड़ रुपये

चौहान ने बताया कि अमेरिका, चीन (हांगकांग सहित) और जापान के बाद भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत और विकास को दशार्ता है। उन्होंने यह भी बताया कि 1994 में एनएसई का संचालन शुरू हुआ। इसके बाद से, देश का बाजार पूंजीकरण 120 गुना से अधिक बढ़ गया है। वर्तमान में, बाजार पूंजीकरण लगभग 440 लाख करोड़ रुपये है, जो लगभग 5.1 ट्रिलियन डॉलर है। चौहान ने कहा कि यह वृद्धि संरचनात्मक है और अस्थायी नहीं है। यह मजबूत घरेलू खपत, अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण, व्यापक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और सिर्फ 28 वर्ष की औसत आयु वाली युवा आबादी द्वारा संचालित है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत ने पहले ही यूनाइटेड किंगडम के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ इसी तरह के सौदों पर काम कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगा और 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

## बाजार पर ये बोले एनएसई प्रमुख




### पूंजी बाजार देश की आर्थिक वृद्धि को बल दे रहा

अधिक जानकारी देते हुए चौहान ने कहा कि पिछले दशक में बाजार पूंजीकरण और जीडीपी का अनुपात दोगुना से भी अधिक हो गया है। यह वित्त वर्ष 2014 में 60 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 124 प्रतिशत हो गया है। यह वृद्धि महत्वपूर्ण है, खासकर यह देखते हुए कि 2,500 से 20,000 डॉलर के बीच प्रति व्यक्ति आय वाले किसी भी अन्य देश का बाजार आकार भारत जितना बड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय इक्विटी का बाजार पूंजीकरण अब बैंकिंग क्षेत्र के आकार से लगभग 1.6 गुना बड़ा है। इससे पता चलता है कि पूंजी बाजार देश की आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

### भारत जल्द ही चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा

उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति मजबूत हो रही है। उम्मीद है कि जापान को पीछे छोड़कर भारत 2025 के अंत तक दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत ने 13वें स्थान से शुरूआत की थी और वर्तमान में हम 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।

# 'ट्रंप राज में अमेरिकियों को फेफड़े व मूत्राशय कैंसर का खतरा अधिक'

## ईपीए के प्रस्ताव पर विपक्ष का वार



**नई दिल्ली।** अमेरिका के पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (एढअ) के प्रमुख ने बुधवार को वाशिंगटन में डेमोक्रेटिक सीनेटरों के साथ गरमागरम बहस की। इस दौरान दोनों ओर से तीखे आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। जहां एक ओर ईपीए प्रशासक ली जेल्डिंग ने जहां एक सीनेटर पर पर महत्वाकांक्षी कथा लेखक होने का आरोप लगाया वहीं एक दूसरे सीनेटर के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें बर्बाद हो रहे पैसे की परवाह नहीं है। इसके जवाब में डेमोक्रेट्स ने कहा कि ईपीए प्रशासक के कार्यकाल का मतलब यह है कि और अधिक अमेरिकी लोग फेफड़ों के कैंसर और अन्य बीमारियों से ग्रस्त होंगे। एजेंसी के बजट को घटाकर आधा करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए सीनेट की सुनवाई के दौरान बहस का यह दौर चला। इस तीखी बहस के दौरान जेल्डिंग के विनियमन-विरोधी दृष्टिकोण पर तीखे पक्षपातपूर्ण मतभेद उभरकर सामने आए। पूर्व रिपब्लिकन कांग्रेसी जेल्डिंन ने कहा है कि उनका कार्यकाल स्वच्छ हवा और पानी सुनिश्चित करते हुए अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गति देगा। वहीं डेमोक्रेट्स ने कहा कि वह लाखों अमेरिकियों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं और पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की रक्षा करने के एजेंसी के दोहरे मिशन को अधर में डाल रहे हैं।

जनवरी में एजेंसी के प्रमुख का पद संभालने वाले जेल्डिन ने संस्था में कई बदलावों का प्रस्ताव दिया है। इनके तहत एजेंसी के कर्मचारियों की संख्या में भारी कमी आएगी। इसके साथ ही, बाइडन प्रशासन की ओर से स्वीकृत अरबों डॉलर के अनुदान भी समाप्त हो जाएंगे।

# कर्नाटक के गृह मंत्री से जुड़े परिसरों पर ईडी की छापेमारी जारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव और अन्य के खिलाफ कथित सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर राव से जुड़े स्थानों पर गुरुवार को भी छापेमारी जारी रखी। सूत्रों के अनुसार, राज्य में सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज और सिद्धार्थ कॉलेज में तलाशी जारी रही। ईडी के अधिकारियों ने बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत राज्य में 16 स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें हवाला ऑपरेटरों और आवास प्रवेश ऑपरेटरों को निशाना बनाया गया। इन लोगों पर कथित तौर पर राव के खातों में ₹फर्जी₹ वित्तीय लेनदेन के आरोप हैं।
प्रवर्तन निदेशालय ने राव के मामले सहित भारत में बड़े सोना तस्करी रैकेट के संबंध में सीबीआई और डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कुछ महीने पहले पीएमएलए का मामला दर्ज किया था। ईडी सूत्रों ने कहा कि एक शैक्षिक ट्रस्ट पर संदेह है कि उसने धन का दुरुपयोग किया और एक प्रभावशाली व्यक्ति के निर्देश पर राव के क्रेडिट कार्ड बिल के लिए 40 लाख रुपये का भुगतान किया। राव को दुबई से आने के बाद 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई अधिकारियों ने उसे हिरासत में लिया और उसके पास से 14.2 किलोग्राम वजनी सोने की छड़ें जब्त कीं, जिनकी कीमत 12.56 करोड़ रुपये से अधिक है। राव और सह-आरोपी तरुण कोंडारू राजू को मंगलवार को सोना तस्करी मामले में बेंगलुरु की आर्थिक अपराध अदालत ने जमानत दे दी। डीआरआई द्वारा निर्धारित समय में आरोप पत्र दाखिल न करने के बाद अदालत ने उनकी डिफॉल्ट जमानत याचिका को मंजूरी दे दी। हालांकि, राव अब भी सलाखों के पीछे ही रहेंगे। प्राधिकारियों ने उनके खिलाफ विदेशी मुद्रा संरक्षण व तस्करी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम, 1974 के तहत एक अलग मामला दर्ज किया है। यह एक निवारक निरोध कानून है, जो तस्करी से निपटने और विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने के लिए बनाया गया है।

# रिजर्व बैंक इस साल ब्याज दर में कर सकता है बड़ी कटौती: मॉर्गन स्टेनली

**नई दिल्ली।** मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि महंगाई पर काबू के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि धीमी हो गई है। देश की जीडीपी के लिए यह समस्या बन रही है। इसे देखते हुए ही आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया है, जिससे निवेश और खर्च को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। ]भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में ब्याज दरों में बड़ी कटौती कर सकता है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई विकास की धीमी रफ्तार और महंगाई के नियंत्रण में आने का फायदा उठाते हुए भविष्य में ब्याज दरों में कटौती का कदम उठा सकता है। धीमी आर्थिक वृद्धि पर काबू पाने



का लक्ष्य रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई अपनी नीति ऐसी रखेगी कि जब देश की आर्थिक वृद्धि धीमी हो जाएगी, तब वह अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कदम उठाएगा। इसमें कहा गया, उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में और कटौती करेगा क्योंकि महंगाई काबू में होने के बावजूद देश की आर्थिक वृद्धि धीमी हो रही है। मॉर्गन स्टेनली का मानना है कि आरबीआई कुल मिलाकर 100 बेसिस प्वाइंट्स तक की कटौती कर सकता है।

इसमें आगे चलकर 25 बेसिस प्वाइंट्स की दो और दरों में कटौती की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक रेपो रेट को घटाकर 5.5 प्रतिशत कर देगा, जिसमें कुल 100 बेसिस प्वाइंट्स की छूट होगी। इसने कहा कि अगर वैश्विक विकास और कमजोर होता है, खासकर अगर संयुक्त राज्य अमेरिका में मंदी आती है, तो यह भारत की वृद्धि को और भी अधिक नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए दरों में और कटौती की संभावना बनी हुई है इसका मतलब है कि सरकार अपने खर्च को संतुलित रखने की कोशिश करेगी।

### वित्तीय प्रणाली और कर्ज वितरण पर जोर

रिपोर्ट के अनुसार यदि वैश्विक अर्थव्यवस्था अपेक्षा से अधिक धीमी हो जाती है या भारत में महंगाई तेज गति से कम होती है, तो आरबीआई ब्याज दरों में और बदलाव कर सकता है। अर्थव्यवस्था को सेहरा देने के लिए केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती करने के लिए दूसरे तरीकों का भी सहारा ले सकता है। इसमें वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त पैसा बनाए रखना और कर्ज वितरण को बढ़ावा देने के लिए नियमों को आसान बनाना शामिल है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

## राशिफल

**मेष:** कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।
**वृष:** कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। प्रतियोगी परीक्षा और साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।
**मिथुन:** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी।
**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। वाहन सुख का विस्तार होगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें।
**सिंह:** सहन कष्टमय हो सकता है। बहन-भाइयों का साथ मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी अभी बनी रह सकती हैं। आत्मसंयत रहें।
**कन्या:** धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। मन परेशान रहेगा।
**तुला:** पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है।
**वृश्चिक:** पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। अति उत्साही होने से बचें। जीवनसाथी से नोंकझोंक हो सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।
**धनु:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।
**मकर:** माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है। मानसिक सुकून रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।
**कुंभ:** मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जाना हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
**मीन:** रहन-सहन कष्टमय रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में यात्रा के योग बन रहे हैं।

## चुटकुले

पप्पू डॉक्टर के पास गया
पप्पू- डॉक्टर साहब मुझे क्या बीमारी है?
डॉक्टर- लड़कियों का पीछा करना छोड़ दो,
पप्पू- उससे क्या होगा?
डॉक्टर- अगर लड़कियों का पीछा करना नहीं छोड़ोगे, तो जल्दी ही मर जाओगे
पप्पू- लड़कियों का पीछा करने से कोई कैसे मर सकता है?
डॉक्टर- क्योंकि उनमें से एक लड़की मेरी भी है।
पप्पू की हालत खराब

---

चिंटू (पिंटू से)- पूरी जिंदगी निकली जा रही है इसी इंतजार में,
कभी कोई टीचर मिलेगा तो एक बात उनसे जरूर पूछूंगा।
चिंटू- क्या?
पिंटू- ये साइन थीटा, कॉस थीटा और टैन थीटा का यूज लाइफ में कब और कैसे करना है?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 'आतंकवाद के खिलाफ एक स्वर, एक संकल्प - हम सब एक साथ!'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूएई में रक्षा, आंतरिक और विदेशी मामलों की समिति के अध्यक्ष डॉ. अली रशीद अल नुआमी और फेडरल नेशनल काउंसिल के सदस्यों के संग मुलाकात की। मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय हितों पर विचार-विमर्श हुआ और आतंकवाद के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने पर आपसी सहमति बनी। दोनों देशों ने क्षेत्रीय सुरक्षा, सहयोग और शांति के लिए मिलकर कार्य करने के संकल्प को दोहराया।

## आंधी और बारिश से मंडी में लाखों का नुकसान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आंधी और बारिश के कारण साहिबाबाद नवीन फल व सब्जी मंडी में लाखों का नुकसान हुआ है। मंडी में रखी सब्जियां भीग गईं। वहीं, गुरुवार सुबह बहुत कम संख्या में खरीदार मंडी पहुंचे। मंडी में आढ़ती उदय राज चौधरी ने बताया कि आंधी के कारण बुधवार शाम को बाजारों में सब्जियां नहीं बिक सकीं। इस वजह से गुरुवार को सब्जी विक्रेता मंडी में थोक व्यापारियों के पास खरीदारी करने नहीं पहुंचे। ऐसे में सब्जियां खराब हो सकती हैं। आधे दामों पर सब्जियां बेचनी पड़ी। वहीं, आढ़ती हाजी चांद ने बताया कि बारिश से बाहर रखी करीब दस टन प्याज भीग गई। प्याज के सड़ने की संभावना है। ऐसे में करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हो सकता है। सब्जी को सुरक्षित करने के लिए टिन शेड लगाया था, जिसे अतिक्रमण बताते हुए तोड़ दिया गया। इसी कारण सब्जियों को तिरपाल से ढका गया था, लेकिन वह भी आंधी में उड़ गयी, जिस कारण नुकसान हुआ।

# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था

## 24 मई को निकालेगी पैदल तिरंगा यात्रा

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर शालीमार गार्डन से इंडिया गेट तक का सफर करेंगे तय

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर तिरंगा यात्रा 24 मई शाम 5.30 बजे निकलने जा रही है। संस्था के सरंक्षक पप्पू पहलवान ने मीडिया को बताया कि यह तिरंगा यात्रा शहीद स्थल, शालीमार गार्डन से प्रारंभ होकर इंडिया गेट, दिल्ली तक निकाली जाएगी। इंडिया गेट पर यात्रा समाप्त होने के बाद दीए जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति को प्रोत्साहित करना, शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश देना है। इस तिरंगा यात्रा में समाज के विभिन्न



वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी और यह आयोजन सामाजिक समर्पण की मिसाल पेश करेगा। समाधान शक्ति संस्था का यह कदम राष्ट्रीय भावना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि यात्रा शालीमार गार्डन से सीमापुरी दिलशाद गार्डन विवेक विहार कड़कड़डूमा आईटीओ होते हुए इंडिया गेट पहुंचेगी। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा को झंडी दिखाएंगे ब्रह्मकुमारी से सविता बहन। इस अवसर पर पप्पू पहलवान, लेखराज, डीएन कौल, प्रतीक माथुर, आशा पवार, सुमन सती उपस्थित रहे।

## दहेज के लिए पत्नी को बंधक बनाकर की मारपीट, मुकदमा दर्ज



**कौशांबी करंट क्राइम।** वैशाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने पति आशीष, सास सुशीला, ससुर अशोक और देवर अक्षय पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। यहां तक कि महिला ने तहरीर में बंधक बनाकर मारपीट करने, रिश्तेदार के घर हत्या का प्रयास करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। साथ ही दहेज में 10 लाख रुपये व महंगी गाड़ी मांगने की बात कही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दर्ज मुकदमे में महिला ने बताया कि उनकी शादी दिल्ली निवासी आशीष से 25 नवंबर 2022 को हुई थी। शादी के बाद उन्हें पता चला कि पति पर करीब 12 लाख रुपये का कर्ज था। इसके चलते ससुराल वालों ने दहेज बतौर 10 लाख रुपये व गाड़ी की मांग कर दी। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने शारीरिक व मानसिक प्रताड़नाएं देना शुरू कर दिया। कई बार घर में ही हत्या करने का प्रयास किया लेकिन किसी तरह उन्होंने अपनी जान बचाई। आरोप है कि अक्तूबर 2024 में पति उन्हें अपने रिश्तेदार के घर ले गया और बिना दहेज की मांग पूरे हुए घर में रखने से इन्कार कर दिया। विरोध करने पर दुपट्टे से गला दबाने का भी प्रयास किया। इसके बाद घर से निकाल दिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 'सर्किल रेट के नाम पर नगर निगम कर रहा जनता के साथ धोखेबाजी'

## 'कानून के विरुद्ध जाकर दो से तीन गुना अधिक टैक्स वृद्धि कर रहा लागू'





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा संपत्ति टैक्स निर्धारण के विरोध में हम इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन रजि. से जुड़े पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण बताना चाहते हैं कि डीएम सर्किल रेट के नाम पर नगर निगम जनता के साथ धोखेबाजी कर रहा है।

**गाजियाबाद नगर निगम अपनी आय बढ़ाने के दूसरे विकल्पों पर काम नहीं कर रहा है बल्कि टैक्स में कई गुना बढोत्तरी कर जनता पर बोझ बढ़ा रहा है।**

टैक्स की बढ़ी दरों की वसूली के जरिए खुलेआम लूट हो रही है। गाजियाबाद नगर निगम संपत्ति कर नियमावली 2000 एवं नगर निगम अधिनियम 1959 की धाराओं के विरुद्ध जाकर हठपूर्वक दो से तीन गुना अधिक टैक्स वृद्धि लागू कर रहा है।

वर्ष 2001-2002 में नगर निगम बोर्ड द्वारा नगर निगम अधिनियम धारा 174 ख के अंतर्गत संपत्ति टैक्स निर्धारण के लिए रेट तय कर दिए गए थे। जिनमें प्रत्येक दो वर्ष के बाद दस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को मंजूरी दी गई थी। गाजियाबाद नगर निगम अपनी आय बढ़ाने के दूसरे विकल्पों पर काम नहीं कर रहा है बल्कि टैक्स में कई गुना बढोत्तरी कर जनता पर बोझ बढ़ा रहा है।

ज्ञात हुआ है कि आज तक भी नगर निगम रमते राम रोड के कमिर्शयल काम्पलेक्स और पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम से डीएम सर्किल रेट के हिसाब से किराया वसूल नहीं पाया है। जबकि जनता पर डीएम सर्किल रेट से टैक्स वसूली पर जबरन काम किया जा रहा है।

## जीडीए ने किया तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशानुसार रियल एस्टेट (रेगुलेशन एण्ड डेवलपमेंन्ट) एक्ट-2016 के संबंध में प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को राजेश मेहतानी (रिटायर्ड डायरेक्टर) सेन्टर फोर एक्सीलेंस एण्ड ट्रेनिंग, यू0पी0 हाउसिंग एण्ड डवलपमेंट बोर्ड लखनऊ के द्वारा 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सुबह 10.00 बजे से प्रारम्भ हुआ, जिसमें राजेश मेहतानी के द्वारा रेरा रियल एस्टेट (रेगुलेशन एण्ड डेवलपमेंन्ट) एक्ट-2016 से सम्बन्धित विभिन्न कार्यवाहियों, रेरा वादों की पैरवी, वादों के उत्तर तैयार करने आदि विषयों को लेकर विस्तृत रूप से प्राधिकरण के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें राजेश मेहतानी द्वारा बताया गया कि रेरा में दायर वादों पर प्रभावी पैरवी, वाद पत्रों का सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्तर तैयार कराना आदि विषयों पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही रेरा के अधिकार एवं सम्बन्धित प्राधिकरण के दायित्वों को भी विस्तृत रूप से समझाया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अभियन्ता, विशेष कार्याधिकारी, समस्त अधिशासी अभियन्तागण, सहायक अभियन्तागण, अवर अभियन्तागण के साथ समस्त लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी भी प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। उक्त कार्यशाला 23 मई 2025 को भी नियत स्थान व समय पर आयोजित की जायेगी।

## गृहकर वृद्धि के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** कोरवा-यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने गृहकर वृद्धि के विरोध में बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात करके मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा वार्ड 95 की पार्षद रुकसाना सैफी ने भी बढ़े हुए गृहकर का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखा। उन्होंने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा कि नगर निगम की ओर से नियमों की अनदेखी करते हुए गृहकर वृद्धि की गई है, जिसे वापस लेना होगा।

कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मजबूत आर्थिक स्थिति में गाजियाबाद नगर निगम होने के बाद भी नागरिकों पर सबसे अधिक गृहकर का भार डाल दिया गया है। कोरवा-यूपी के मुख्य सलाहकार डॉ. आरके आर्या और महासचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि गृहकर को एक बार में दो गुना से ज्यादा नहीं बढ़ाया जा सकता, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर गृहकर बढ़ा दिया है।

## 10 लाख के 51 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

## ट्रेन के जरिए उड़ीसा और विशाखापट्नम से करते थे तस्करी

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा की थाना फेज-2 पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 51 किलों गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए आंकी जा रही है। उड़ीसा और विशाखापट्नम से गांजा ट्रेन के जरिए एनसीआर लाते थे। यहां कार और लोकल सप्लायर को ये गांजा देते थे। मादकता बढ़ाने के लिए गांजा में केमिकल का यूज करते थे। वॉट्सऐप चेट मिली है। जिसमें लोकल सप्लायर की डिटेल मिली है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गांजा तस्करों की पहचान जयंत और रंजन हुई है। ये दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले है। दोनों को ककराला से पास से गिरफ्तार किया गया।

तीन से चार महीनों से एनसीआर में सक्रिय है। इनके एरिया कॉलेज, पीजी और आसपास के एरिया है। जहां लोकल सप्लायर और खुद कार से गांजा की सप्लाई करते है। डीसीपी ने





बताया कि कुछ समय पहले ही ट्रेन से गांजा सप्लाई करने वाले गांजा तस्करों को पकड़ा था। जिनके मोबाइल से इनके नंबर मिले थे। जिनको ट्रैक किया गया और पकड़ा गया। वॉट्सऐप पर करते थे बातचीत कॉल रिकार्ड और ट्रैस न हो इसके लिए दोनों हमेशा वॉट्सऐप कॉल पर बात करते है। इसके अलावा एक स्थान पर नहीं रहते थे। हर बार अपनी लोकेशन बदलते थे। ये गांजा एक साथ नहीं रखते है। थोड़ा थोड़ा करके गांजा अलग-अलग लोकेशन पर रखते है। डिमांड आने र गांजा सप्लायर को दिया जाता है। उससे पैसा लिया जाता है। ये ऑनलाइन ऑन डिमांड भी गांजा सप्लाय करते है। पुलिस खंगाल रही रिकार्ड पुलिस इनका रिकार्ड खंगाल रही है। इनके और भी साथी हो सकते है। जिनकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इसके अलावा उन लोकेशन को देखा जा रहा है जहां ये गांजा की सप्लाई किया करते है।

## डिलीवरी देने आये युवकों ने की मारपीट

## सीसीटीवी फुटेज के साथ पुलिस से की शिकायत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शास्त्रीनगर में दो दुपहिया वाहनों से आये तीन डिलिवरी बॉय ने एक युवक के साथ मारपीट और गाली-गलौच की। पीड़ित का कहना है कि तीन तीन लोग डिलिवरी करने जो आये, उन्हें संदिग्ध लगे। पूछताछ की तो बदसलूकी करते हुए हाथापाई कर दी। पीड़ित ने कविनगर थाने में पुलिस से शिकायत की है। एक कंपनी से मंगाया था ऑर्डर गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी त्रिभुवन शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मैंने एक कंपनी से आर्डर मंगाया था। जहां पर वह अपनी 4 साल की बच्ची को लेकर घर के बाहर टहला रहे थे।

इस पर अलग-अलग बाइक से आए 3 युवकों से पूछा कि क्या बात है किस संबंध में आप यहां खड़े हैं। जहां तीनों युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। गाली गलौज करते हुए हाथपाई कर दी। जान से मारने की धमकी थी। इसके बाद तीनों बाइक सवार धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने कवि नगर थाने में तहरीर देते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## तीन ट्रैक्टर चोर गिरफ्तार, जेल में रहकर करते थे प्लानिंग

## बाहर आते ही चोरी, 50 हजार में बेचते थे ट्रैक्टर

**नोएडा करंट क्राइम।** जेल में रहकर प्लानिंग करते बाहर आते ही चोरी की घटना करने वाले तीन बदमाशों को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए तीन ट्रैक्टर बरामद किए गए। ये तीनों कार से रेकी करते थे। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम देते थे। चोरी किए गए ट्रैक्टर का चैचिस नंबर बदलकर छाता में बेचते थे। एक ट्रैक्टर करीब 50 हजार रुपए में बेचते थे। इन पैसों का प्रयोग मौजमस्ती के लिए करते थे। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि गैंग का सरगना दीपक उर्फ दीपा है। इसे अपने दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया। अन्य दो की पहचान सुनील कश्यप और सर्वेश हुई है। तीनों मिलकर पहले अपनी पारिवारिक कार से रैकी करते थे। इसके बाद चोरी की घटना करते थे।



ट्रैक्टर चोरी करने के बाद उसका चेचिस नंबर बदलते थे और बेचते थे। इन तीनों के अन्य साथी भी है। जिनकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। ये सारी योजना जेल में रहकर ही बनाई थी। लगातार कर रहे चोरी डीसीपी ने बताया कि विगत कई महीनों से लगातार ट्रैक्टर चोरी की शिकायत मिल रही थी। एक ही पैटर्न दिखने पर लगा कि ये किसी एक गैंग का काम है। इसमें सर्विलांस और मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया। जिसके बाद सबसे पहले दीपक को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद बाकी दोनों साथियों को पकड़ा गया। रिकार्ड से पता चला कि एक के बाद एक चोरी कर रहे थे। आगरा फिरोजाबाद में भी मुकदमा इसमें दीपक पर चोरी के मामले में आगरा और फिरोजाबाद में भी मुकदमा दर्ज है। इसकी डिटेल अन्य जनपद में भेजी है। वहां से जानकारी आ रही है। बताया गया कि इस पर दर्जनों मुकदमे दर्ज है। इसके बाकी साथियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## अवैध मीट शॉप पर छापेमारी, खाद्य सुरक्षा विभाग ने दिया एक सप्ताह का नोटिस



**हापुड़ करंट क्राइम।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रामलीला मैदान के पास स्थित एक अवैध मीट शॉप पर छापेमारी की। दुकान में न तो खाद्य लाइसेंस था और न ही स्वच्छता के मानक पूरे होते थे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.पी. गुप्ता के अनुसार, दुकान में मांस को ढककर नहीं रखा गया था। मक्खियां और कचरे का ढेर देखा गया। कर्मचारी हैंड ग्लव्स या एप्रन का उपयोग नहीं कर रहे थे। यह खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन है। दुकान संचालक वैध कागजात नहीं दिखा सका। अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर सभी खामियों को दूर करने का नोटिस जारी किया। समय सीमा में सुधार न होने पर दुकान को सील करने की चेतावनी दी गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.पी. गुप्ता ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग जिले की सभी मीट और फास्ट फूड दुकानों की जांच कर रहा है। शासन के आदेश के अनुसार, स्वच्छता और लाइसेंस के बिना खाद्य सामग्री की बिक्री वर्जित है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

## सोसाइटी में 21वीं मंजिल से गिरी ग्रिल, नानी और 2 साल के मासूम नाती की मौत, निवासियों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा करंट क्राइम।** सूरजपुर स्थित मिग्सन अल्टीमो सोसाइटी में बुधवार को आंधी-तूफान के दौरान 21वीं मंजिल से गिरी भारी ग्रिल ने दो लोगों की जान ले ली। घटना उस समय हुई, जब सुनीता(50) अपने नाती(2) को पार्क से घर ला रही थीं। वो जैसे ही अपने फ्लैट के नीचे पहुंचीं, ऊपर की 21वीं मंजिल से भारी ग्रिल गिर गई। हादसे में सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद सोसाइटी के निवासियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने सोसाइटी के दोनों गेट बंद कर दिए और सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए। निवासियों का आरोप है कि बिल्डिंग जर्जर हालत में है और ऐसी घटनाएं आए दिन होती हैं। स्थानीय लोगों ने बिल्डर और मेंटेनेंस विभाग के





खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## बत्ती गुल, टेंशन फुल आंधी-बारिश के कारण संजय नगर के निवासी बिजली-पानी समस्या से परेशान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाल ही में आई तेज आंधी के बाद संजय नगर सेक्टर 23 फ्री होल्ड क्षेत्र के निवासियों को पूरे दिन बिना बिजली और पानी के गुजारना पड़ा। जहां शहर के अन्य हिस्सों में बिजली व्यवस्था देर रात या अगली सुबह तक बहाल कर दी गई, वहीं इस क्षेत्र में विद्युत विभाग के कर्मचारी पूरी तरह से लापता रहे। क्षेत्रवासियों द्वारा बार-बार संपर्क करने के प्रयास किए गए, लेकिन संबंधित कर्मचारियों ने अपने फोन स्विच ऑफ कर लिए। नतीजतन न तो फॉल्ट की पहचान हो सकी और न ही बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी।

बिजली न होने के कारण आमजन को भीषण गर्मी झेलनी पड़ी, वहीं व्यापारियों को लाखों रुपए के नुकसान का सामना करना पड़ा। दूध, आइसक्रीम, चॉकलेट जैसी वस्तुएँ पिघल गईं और खाद्य सामग्री खराब हो गई। यह बेहद चिंताजनक है कि एक फ्री होल्ड और विकसित क्षेत्र होने के बावजूद विभाग द्वारा सौतेला व्यवहार किया गया। यह प्रश्न आमजन के मन में उठता है कि क्या कुछ क्षेत्रों को जानबूझकर उपेक्षित किया जा रहा है?

हम सभी क्षेत्रवासी प्रशासन से मांग करते हैं कि - 1. इस लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। 2. संबंधित कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। 3. भविष्य में ऐसी आपात स्थिति के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार की जाए।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सीसीटीवी द्वारा की जा रही निगरानी का पैरामीटर पूर्ण हो एवं निरंतर उनकी जांच करते रहें, नियमानुसार सीसीटीवी का बैकअप सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी/कर्मचारियों सहित मनोज कुमार बहुजन समाज पार्टी, सुभाष चन्द्र शर्मा भारतीय जनता पार्टी, ताहिर हुसैन समाजवादी पार्टी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

## 'समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण शिकायतों के निस्तारण किए जाएं'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई की। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रार्थियों से शिकायतों/आवेदन को प्राप्त कर प्रकरण के बारे में मौखिक भी अवगत हुए। उन्होंने प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा कुछ मामलों का सम्बंधित से वार्ता कर मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित करा दिया गया। शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारी को निराकरण हेतु भेजते हुए, शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों एवं अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय भी उपस्थिति रहे।

# गम्भीर सिंह पीसीएस ने भावुक विदाई और धन्यवाद संदेश में गाजियाबाद के लिए कहा-

## 'लव यू गाजियाबाद, थैंक यू गाजियाबाद'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पीसीएस अधिकारी गंभीर सिंह ने जाते-जाते कहा, 'लव यू गाज़ियाबाद, थैंक यू गाज़ियाबाद'। उन्होंने कहा, यह केवल शब्द नहीं हैं, यह मेरी आत्मा की आवाज एवं मेरी भावना है। जब मुझे शासनादेशानुसार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), आजमगढ़ के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, तो यह अवसर केवल स्थानांतरण का नहीं, बल्कि आत्ममंथन, कृतज्ञता और आप सभी के प्रति सच्चे प्रेम का भी है।



यह मेरा सौभाग्य रहा कि हर ज़िले में मैंने प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ जनसेवा, शिक्षा व स्कूलों से विशेष जुड़ाव रखकर उनके लिए काम किया, अपना कार्यालय और आवास जनता के लिए 24 घंटे खुला रखा। समाजसेवा को भी अपना कर्तव्य समझा—परंतु गाज़ियाबाद में यह अनुभव एक जीवंत मिशन बन गया। मैंने यहीं से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। 'नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन' जैसे संगठनों के माध्यम से हमने गोपनीय रूप से सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों की सहायता की—उनके चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास लौटाया। यह मेरा विश्वास रहा कि जो भी व्यक्ति मेरे कार्यालय में आया, वह समाधान और सम्मान लेकर ही लौटा।

**आप सभी के नाम मेरी कृतज्ञता :** गाज़ियाबाद के सम्मानित नागरिकगणों का मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूँ। मेरे मार्गदर्शक पूर्व जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह व इंद्र विक्रम सिंह का एवं वर्तमान में जिलाधिकारी दीपक मीणा, उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अतुल वत्स, मुख्य विकास अधिकारी अभिनय गोपाल, नगरायुक्त आदित्य विक्रम सिंह मलिक, एडीएम के रूप में ऋतु सुहास टें, रन विजय सिंह अन्य सम्मानित अधिकारी गण मेरे साथी प्रशासनिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, समस्त मिडिया बंधुओं, किसानों भाई, अधिवक्तागण का विद्यालयों व कॉलेजों के प्रधानाचार्य शिक्षक एवं छात्रगण, प्रबंधक, मैनेजमेंट कॉलेज एवं इंडस्ट्री प्रतिनिधिगण, केन्द्रीय व राज्य सेवा के कर्मठ अधिकारीगण, सिविल डिफेंस, व्यापारी बंधु एवं उद्यमीगण, समस्त सामाजिक संस्थाएँ एवं प्रेरक कार्यकर्ता आदि के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। अंत में उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि मैं आप सभी से व्यक्तिगत रूप से विदा नहीं ले सकता, परंतु मेरे मन में गाज़ियाबाद की माटी, इसकी मुस्कुराहटें और आपकी भावनाएं मेरे साथ हर समय दिल में रहेंगी।

उन्होंने भावुक हृदय से एक बार फिर कहा, 'लव यू गाज़ियाबाद, थैंक यू गाज़ियाबाद'।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मित्तल मैदी परिवार में खुशियों ने दस्तक दी है। दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष और हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी एडवाइजर समिति के सदस्य संजीव मित्तल साजू नाना बन गए हैं। उनकी लाडली बेटी को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। यह एक परिवार है यह एक विरासत है और यही रिश्तो की सबसे बड़ी ताकत है। नवजात बालक ने जब अपने परनाना किशन कुमार मैदी वालों की गोद में उनका आशीर्वाद लिया और नाना संजीव मित्तल साजू ने ठाकुर जी से अपने प्रिय नन्हे मुन्ने नाती के लिए सभी खुशियों की कामनाकी। खुशियों खुशियों के आगमन का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भारी आंधी-तूफान के बीच व्यवस्था को संभालने के लिए अलर्ट रहे सभी निगम अधिकारी

## आपदा के समय शहर को दुर्घटना से बचाए रखने के लिए सभी विभागों ने टीम के रूप में किया काम : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आंधी, ओलावृष्टि, बारिश तथा भयंकर तूफान में बुधवार को गाजियाबाद का जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा, जिसमें व्यवस्थाओं को संभालने के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा रात्रि में ही अलर्ट रहकर कार्रवाई की तथा अगले दिन प्रातः से ही गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग शहर की बिगड़ी हुई व्यवस्था को बनाने में लगे रहे। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने, बिजली के खंभों के गिरने, लगे हुए सिगनेज तथा विज्ञापन पट के गिरने की सूचना निगम को मिली जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा रात्रि में ही टीम को सड़कों पर उतरने के लिए कहा तथा आपदा के समय सभी विभाग संयुक्त टीम के रूप में कार्य करें निर्देश दिए गए। लगातार नगर आयुक्त खुद भी देर रात तक व्यवस्थाओं की रिपोर्ट लेते रहे उसके बाद अगले दिन बिगड़ी हुई व्यवस्थाओं को संभालने के लिए निगम की टीम लगी रही।

### भयंकर तूफान में 100 से अधिक वृक्ष गिरे



**करंट क्राइम।** अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि भयंकर तूफान में 100 से अधिक वृक्ष गिरे जिससे आवागमन बाधित रहा लेकिन उद्यान विभाग टीम द्वारा सड़कों पर गिरे हुए वृक्षों को रात्रि में हटाया गया आवागमन को सरल किया गया। ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में भी भूमिका निभाई। माली, हेड माली, सुपरवाइजर, उद्यान निरीक्षक, उद्यान पर्यवेक्षक तथा उद्यान प्रभारी द्वारा रात्रि में तथा अगले दिन प्रात: भी शहर का भ्रमण करते हुए जायजा लिया गया। गिरे हुए वृक्षों को हटाया गया।

### बारिश के कारण हुए जल भराव वाले स्थानों पर पंप सेट लगाए गए

**करंट क्राइम।** स्वास्थ्य विभाग ने भी सफाई मित्रों की टीम के साथ मिलकर व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग किया लगभग 22 से अधिक जेसीबी को इस्तेमाल करते हुए आवागमन सरल बनाने तथा सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में कार्यवाही की। जलकल विभाग द्वारा ऐसे स्थान जहां जल भराव हो गया था वहां तत्काल प्रभाव से लगभग 60 पंप सेट लगाए गए। जल निकासी का कार्य किया गया।

### प्रकाश विभाग ने इलेक्ट्रिक पोल को हटाने का कार्य किया

**करंट क्राइम।** प्रकाश विभाग द्वारा भयंकर तूफान में गिरे हुए इलेक्ट्रिक पोल को हटाने का कार्य रात्रि में तथा प्रात: अगले दिन भी किया लगभग शहर में 10 स्थान से इलेक्ट्रिक पोल गिरने की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर कार्यवाही की गई।



### मौके पर भारी पेड़ों को काट कर हटाने का कार्य उद्यान की टीम ने किया

**करंट क्राइम।** तूफान में भारी वृक्षों को हटाकर तथा ऐसे वृक्ष जो हट नहीं सकते थे उनका वही मौके पर काट कर हटाने का कार्य उद्यान की टीम ने किया। आवागमन को सरल बनाने पर राहगिरियों द्वारा भी ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग करने हेतु उद्यान टीम को सराहा गया तथा गुड बोला गया। नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा भी अपनी टीम की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया गया साथ ही इसी प्रकार व्यवस्था में बने रहने के लिए निर्देश दिए गए कई स्थानों पर साईनेज गिरने की सूचना भी प्राप्त हुई जिसको रात में ही हटाते हुए कार्यवाही की गई। शहरवासियों ने गाजियाबाद नगर निगम की भूरि भूरि प्रशंसा की। भयंकर तूफान के चलते गाजियाबाद नगर निगम व्यवस्था में रहा जिसकी सराहना शहर वासियों द्वारा की गई है।

### भयंकर तूफान में निगम की वर्किंग पर शहरवासियों ने कहा, गुड

**करंट क्राइम।** निर्माण विभाग द्वारा सभी विभागों के साथ मिलकर टीम के रूप में कार्य किया जो कि सराहनीय है। आपदा के इस समय गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग संयुक्त रूप से कम कर रहे हैं जिसकी प्रशंसा शहरवासियों द्वारा भी की गई है। समस्त पार्षदों के साथ-साथ आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आपदा के समय किए गए कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

NEW ERA SCHOOL

New Era School

CLASS X TOPPERS




UPTO 100% *SCHOLARSHIP FOR MERITORIOUS STUDENTS (CLASS XI)

CLASS XII TOPPERS




CONGRATULATIONS TO ALL
Students, Proud Parents, Principal & Teachers for the outstanding result

100% RESULT IN CLASS X & XII
ADMISSIONS OPEN 2025-26

345, Pandav Nagar, GZB | neweraschool.co.in | +91 8130588041

# आतंकवाद के खिलाफ यूएई भारत के साथ खड़ा, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने की तारीफ

**टोक्यो।** भारत का वैश्विक प्रयास है कि आतंकवाद से भारतऔर पूरी दुनिया को होने वाले गंभीर खतरे के बारे में विश्व की राय को सूचित, संवेदनशील और संगठित किया जाए। पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद का केंद्र रहा है। आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान सरकार और उनके सैन्य नेतृत्व द्वारा पोषित, वित्तपोषित और आश्रय दिया जाता है। इसलिए यह ऐसी चीज है जिसे बिना रोक-टोक के नहीं छोड़ा जा सकता। पाकिस्तान को बेनकाब करने की जरूरत है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दलों ने भारत की प्रतिक्रिया और भारत द्वारा की गई कार्रवाई का स्पष्ट समर्थन किया। राष्ट्र भारतीय रक्षा बलों के साथ एकजुटता में खड़ा है और हमने



उनकी कार्रवाई को सलाम किया।

बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल पर कांग्रेस सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी ने कहा कि हम पहले दिन से ही सरकार के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विपक्षी दलों या अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठकर इस प्रतिनिधिमंडल के बारे में आगे की कार्रवाई के बारे में उनसे चर्चा करनी चाहिए थी। उन्हें पार्टियों से चर्चा करके नामों को अंतिम रूप देना चाहिए था। इससे देश के लोगों को यह अहसास होता कि सभी राजनीतिक दल इस रुख पर एक साथ हैं।

भारत के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मुलाकात की। सबसे पहले ताकेशी इवाया ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और हमले में घायल हुए लोगों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और दुनिया के साथ जापान की एकजुटता व्यक्त की।

**सातवें प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में, राजनीतिक दल होंगे, अलग-अलग विचारधाराएं होंगी, दृष्टिकोणों में भिन्नता होगी, साथ ही बहस और चर्चा भी होगी। यह एक स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत है। लेकिन जब भारत की संप्रभुता या सर्वोच्च राष्ट्रीय हित की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं**

# इमरान खान का पॉलीग्राफ टेस्ट करने अदियाला जेल पहुंची टीम, पूर्व पीएम ने लगातार तीसरी बार किया इनकार

**लाहौर।** भ्रष्टाचार और दंगे भड़काने के 12 मामलों में सजा काट रहे पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने लगातार तीसरी बार पॉलीग्राफ और वॉयस मैचिंग टेस्ट कराने से मना कर दिया है। पाकिस्तान की पंजाब सरकार के मुताबिक जब फॉरेंसिक टीम उनकी जांच के लिए अदियाला जेल पहुंची तो उन्होंने टेस्ट कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद टीम वापस लौट आई।



पंजाब के सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने गुरुवार को तीसरी बार पॉलीग्राफ परीक्षण कराने से इनकार कर दिया। वह न केवल अदालती आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं, बल्कि सच्चाई से भी बच रहे हैं।

बोखारी ने कहा कि 72 वर्षीय खान पिछले तीन दिनों से जानबूझकर पॉलीग्राफी से बच रहे हैं। कभी-कभी यह बताया जाता है कि वह सो रहे हैं या खा रहे हैं और कभी-कभी यह बहाना बनाया जाता है कि उनके वकील उपलब्ध नहीं हैं। खान अभी भी इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं कि वह जेल में सजा काट रहे एक सजायाफ्ता अपराधी हैं। उन्हें यह समझना चाहिए कि यह अदियाला जेल है, न कि उनका बानी गाला आवास।

मंत्री ने कहा कि लाहौर पुलिस अदालत के आदेश पर पीटीआई सुप्रीमो का पॉलीग्राफ और फोटोग्रामेट्री परीक्षण करने के लिए जेल पहुंची थी, लेकिन उन्होंने विभिन्न बहाने बनाकर इस प्रक्रिया से बचने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि 9 मई 2023 के दंगे एक खुला विद्रोह, सेना तथा राज्य के खिलाफ एक साजिश थी। दंगों के दौरान हमलों के मास्टरमाइंड और सुविधाकताओं को उनके कृत्यों के परिणाम भुगतने होंगे।

71 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

# नौसेना का दूसरा विध्वंसक जहाज पानी में उतारने के दौरान क्षतिग्रस्त, किम जोंग की मौजूदगी में वाकया

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया का दूसरा नौसैनिक विध्वंसक इस सप्ताह पानी में उतारने की असफल कोशिश करने के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया। सरकारी मीडिया ने गुरुवार को यह खबर दी। यह किम जोंग के लिए एक झटके की तरह है, क्योंकि वह अपनी नौसेना को आधुनिक बनाने पर जोर दे रहे हैं।

उत्तर कोरिया के लिए सैन्य-संबंधी असफलताओं को स्वीकार करना सामान्य बात नहीं है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि असफल जहाज प्रक्षेपण का खुलासा यह साबित करता है कि किम नौसेना को बढ़ाने से जुड़े कार्यक्रम के प्रति बहुत गंभीर हैं और अंततः अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के प्रति आश्वस्त हैं।



कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, बुधवार को चोंगजिन के पूर्वोत्तर बंदरगाह पर लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान, नवनिर्मित 5,000 टन वर्ग का विध्वंसक जहाज असंतुलित हो गया और उसके निचले हिस्से में छेद हो गया, क्योंकि इसके पिछले हिस्से पर लगा परिवहन क्रैडल पहले खिसक कर फंस गया था।

केसीएनए ने इस बात का विवरण नहीं दिया कि समस्या का कारण क्या था, क्षति कितनी गंभीर थी, या कोई घायल हुआ था या नहीं। केसीएनए के अनुसार, समारोह में मौजूद किम ने सैन्य अधिकारियों, वैज्ञानिकों और शिपयार्ड संचालकों को ₹गंभीर दुर्घटना और आपराधिक कृत्य के लिए दोषी ठहराया, जो पूरी तरह से लापरवाही, गैरजिम्मेदारी और अवैज्ञानिक अनुभव के कारण हुआ।

किम ने जून के अंत में सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की बैठक बुलाई है ताकि उनकी ₹गैरजिम्मेदाराना गलतियों₹ पर बात की जा सके। सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले नौसेना विशेषज्ञ मून क्यून-सिक ने कहा, ₹यह एक शर्मनाक बात है। लेकिन उत्तर कोरिया ने इस घटना का खुलासा इसलिए किया क्योंकि वह यह दिखाना चाहता है कि वह अपनी नौसेना के आधुनिकीकरण में तेजी ला रहा है और यह विश्वास व्यक्त करता है कि वह अंततः एक बड़ी नौसेना बना सकता है।

### ग्रीस में सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए 6.0 मापी गई तीव्रता

**एथेंस।** ग्रीस के क्रीट द्वीप में सुबह सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सुबह आठ बजकर 49 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस




किए गए। भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई। एथेंस के जियोडायनामिक्स संस्थान ने बताया कि इस भूकंप को एजियन सागर में भी महसूस किया गया। हालांकि इसमें किसी जनहानि की खबर नहीं है। एथेंस के जियोडायनामिक्स संस्थान ने बताया कि भूकंप द्वीप से लगभग 55 किलोमीटर उत्तर में समुद्र तल से 37 किलोमीटर की गहराई पर आया। यह झटका एजियन सागर के सभी द्वीपों में व्यापक रूप से महसूस किया गया।

# 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा

**कराची।** पाकिस्तान में हिंदू धार्मिक स्थलों पर भी बुरी नजर है। इस कड़ी में मुल्क के सिंध प्रांत के टांडो जाम शहर के नजदीक 100 साल पुराने शिव मंदिर की जमीन को अवैध तरीके से कब्जा लिया गया है। यहीं नहीं, इसके आसपास निर्माण का काम भी शुरू कर दिया गया है। हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन दरवार इत्तेहाद पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को सरकार से इस अवैध निर्माण को रोकने की अपील की है।

संगठन प्रमुख शिवा काछी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा, यह मंदिर एक सदी से भी अधिक पुराना है, लेकिन इसकी जमीन हड़पने वालों ने मंदिर के आसपास की जमीन पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है और शिव मंदिर की ओर जाने वाली सड़कों व प्रवेश द्वारों को अवरुद्ध कर दिया है। काछी का कहना है कराची से



करीब 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खातियान गांव में शिव मंदिर और मंदिर के आसपास की करीब चार एकड़ जमीन का प्रबंधन एक समिति करती थी। लेकिन जमीन हड़पने वालों ने इसे अब अवैध तरीके से कब्जा लिया है। ऐतिहासिक महत्व का है मंदिर, सुक्षा सुनिश्चित करे पाकिस्तान सरकार सिंध में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लिए कल्याण और कानूनी मदद देने वाले काछी ने यह भी कहा कि ऐतिहासिक महत्व की वजह से बीते साल सिंध हेरिटेज विभाग की एक टीम ने मंदिर का जीर्णोद्धार किया था। उन्होंने कहा कि सिंध में कई ऐतिहासिक हिंदू मंदिर हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। उन्होंने आगे बताया कि मंदिर के पास ही हिंदुओं का अंतिम संस्कार स्थल भी है। यहां सालाना धार्मिक समारोह आयोजित किया जाता है।

# गाजा में भुखमरी: यूएन का दावा- राहत सामग्री वाले ट्रक फंसे, फलस्तीनी आबादी मदद से वंचित, खतरे में हजारों बच्चे

**गाजा।** गाजा में दिन-प्रतिदिन हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। करीब तीन महीने की नाकेबंदी के बाद अब इस्राइल ने दबाव में आकर कुछ राहत सामग्री गाजा भेजने की इजाजत तो दी है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अभी तक इन सामानों को जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंचा पा रहा है। मामले में यूएन के प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने बताया कि सोमवार से गाजा में कुछ ट्रक पहुंचे हैं और सामान यूएन ट्रकों में लादा भी गया है, लेकिन इस्राइली सेना ने जो रास्ता इस्तेमाल करने की इजाजत दी है, वह बहुत असुरक्षित है। इसलिए बातचीत के जरिए कोई विकल्प रास्ता तलाशा जा रहा है।

### गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का बयान

गाजा की स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइली हमलों में इस सप्ताह अब तक 82 लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरी ओर, भुखमरी की स्थिति भी



गंभीर होती जा रही है। राहत समूहों के पास हफ्तों से भोजन खत्म हो चुका है और करीब 23 लाख की आबादी में से अधिकांश अब सामुदायिक रसोइयों पर निर्भर हैं, जिनके पास भी अब लगभग कुछ नहीं बचा।

**रसोई में पड़ोसी जा रही पतली और पानी जैसी दाल:** मीडिया रिपोर्ट की मानें तो गाजा सिटी में एक रसोई में केवल पतली और पानी जैसी दाल परोसी जा रही है। वहां की निवासी सोमाया अबू अमशा ने बताया कि हमने पिछले 10 दिनों से रोटी नहीं देखी। ये खाना कुत्ते भी नहीं खाएं, हमारे बच्चे कैसे खाएं? इस भीषण संघर्ष को देखते हुए उन्होंने युद्ध खत्म करने की अपील की।

इसी बीच वेस्ट बैंक के जेनिन में इस्राइली सेना ने चेतावनी स्वरूप फायरिंग की जब अंतरराष्ट्रीय राजनयिकों का एक समूह इलाके का दौरा कर रहा था। मामले में इस्राइली सेना का कहना है कि यह दौरा अनुमति प्राप्त था, लेकिन डेलीगेशन निर्धारित रास्ते से भटक गया, जिसके बाद यह कदम उठाया गया।

# यूएई ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के लिए दोहराया अटूट समर्थन, कहा- एकजुट हो अंतरराष्ट्रीय समुदाय

**अबू धाबी।** एक प्रमुख खाड़ी सांसद ने आतंकवाद को वैश्विक खतरा और पूरी मानवता के लिए एक अभिशाप बताया।

संघीय राष्ट्रीय परिषद की रक्षा, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष अली राशिद अल-नुआइमी ने भारतीय सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक के बाद यह बात कही। यह बैठक आतंकवाद के खिलाफ भारत की वैश्विक मुहिम के तहत हुई।

अल-नुआइमी ने कहा, आतंकवाद केवल एक देश या क्षेत्र के लिए खतरा नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक खतरा है। हमें लगता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर योजनाएं और रणनीतियां बनानी चाहिए और मानवता के लिए एक



बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से 33 देशों की राजधानियों को सात प्रतिनिधिमंडल भेजे गए हैं। यह उनमें से एक है। इनका मकसद पाकिस्तानी की नीयत और आतंकवाद पर भारत की प्रतिक्रिया को दुनिया के सामने रखना है।

**आतंकवाद मानवाता का दुश्मन अल-नुआइमी:** अल नुआइमी ने जोर देते हुए कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। समझदार लोगों को इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया, हम पहले से ही आतंकवाद से लड़ाई में भारत के साथ सहयोग कर रहे हैं। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा हमारे लिए समझौते का विषय नहीं है। भारत हमारा रणनीतिक साझेदार है, न केवल सरकार के स्तर पर बल्कि जनता के स्तर पर भी।

श्रीकांत शिंदे ने इस बातचीत को बहुत सार्थक बताया और कहा कि यूएई आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ पूरी तरह खड़ा है। शिंदे ने कहा, हमने रक्षा समिति के अध्यक्ष अली राशिद अल-नुआइमी और सहिष्णुता मंत्री शेख नाहयान से मुलाकात की। यूएई भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। उन्होंने आगे कहा, यूएई से साफ संदेश मिला है कि किसी भी धर्म के नाम आतंकवाद नहीं फैलना चाहिए। यह हमला केवल भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर है। यूएई जैसे विविधता वाले क्षेत्र में भी शांति और समृद्धि है, जैसे भारत में है। वहां रहने वाले भारतीय खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं।

**संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने गुरुवार को आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत के प्रति अपना अटूट समर्थन दोहराया**

# इस्राइली दूतावास के दो कर्मचारियों की हत्या, ट्रंप बोले- नफरत और कट्टरपंथ के लिए यहां जगह नहीं

**वॉशिंगटन।** वाशिंगटन में इस्राइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड को एफबीआई के फील्ड ऑफिस से कुछ कदम की दूरी पर स्थित कैपिटल यहूदी संग्रहालय के पास अंजाम दिया गया। होमलैंड सुरक्षा सचिव ने इस बारे में जानकारी दी है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने बताया कि वॉशिंगटन में इस्राइली दूतावास के दो कर्मचारियों की बुधवार शाम को यहूदी संग्रहालय के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। फिलहाल संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं, इस्राइली विदेश मंत्री ने वाशिंगटन डीसी में मारे गए इस्राइली कर्मियों की पहचान यारोन लिस्चिंस्की और सारा मिलग्रिम के रूप में की है।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने प्रेस कांफ्रेस में बताया कि बुधवार शाम को जब दो इस्राइली कर्मी एक पुरुष और एक महिला, कैपिटल




यहूदी संग्रहालय में एक कार्यक्रम से बाहर निकल रहे थे, तभी संदिग्ध हमलावर वहां पहुंचा और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

स्मिथ ने बताया कि संदिग्ध की पहचान शिकागो निवासी 30 वर्षीय एलियास रोड्रिगेज के रूप में हुई है। उसे गोलीबारी से पहले संग्रहालय के बाहर घूमते हुए देखा गया था। गोलीबारी के बाद वह संग्रहालय में चला गया और कार्यक्रम सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। इस दौरान संदिग्ध ने गोली मारने के बाद फ्री फलस्तीन के नारे भी लगाए।

वहीं, अमेरिका में इस्राइल के राजदूत येचिएल लीटर ने कहा कि मारा गया जोड़ा सगाई करने वाला था। उसका अगले सप्ताह येरुशलम में शादी की योजना थी। वहीं, अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने हत्या के बारे में बताया कि जब गोलीबारी हुई उस वक्त वह पूर्व न्यायाधीश जीनिन पिरो के साथ घटनास्थल पर ही थीं। वे वाशिंगटन में अमेरिकी अटॉर्नी के रूप में कार्य करती हैं और जिनका कार्यालय इस मामले पर मुकदमा चलाएगा।

**नफरत और कट्टरपंथ के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं :** वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप ने भी इन हत्याओं पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ये हत्याएं साफ तौर पर यहूदी-विरोधी भावना पर आधारित हैं। नफरत और कट्टरपंथ के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। बहुत दुख की बात है कि ऐसी चीजें हो सकती हैं।

इस बीच, एफ.बी.आई. निदेशक काश पटेल ने बताया कि मुझे और मेरी टीम को आज रात कैपिटल यहूदी संग्रहालय के बाहर और हमारे वाशिंगटन फील्ड ऑफिस के पास डाउनटाउन डी.सी. में हुई गोलीबारी के बारे में जानकारी दी गई है। हम इसे लेकर एम.पी.डी. के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और अधिक जानकारी जुटा रहे हैं।

# भारत की कार्रवाई से झल्लाया पाकिस्तान भारतीय उच्चायोग के स्टाफ को किया निष्कासित

**इस्लामाबाद।** भारत की कार्रवाई से झल्लाया पाकिस्तान भी अब बिना किसी ठोस सबूत के भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

**भारत ने 13 मई को भी पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को किया था निष्कासित :** इससे पहले 13 मई को भी भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को अवांछित घोषित करते हुए निष्कासित कर दिया था। इन अधिकारियों पर जासूसी के आरोप लगे हैं। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी दूतावास में एक अधिकारी दानिश को तो पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। दानिश के तार ही जासूसी के आरोप में पकड़ी गई भारतीय यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा और पंजाब और हरियाणा से गिरफ्तार कई जासूसों से जुड़े पाए गए हैं।



**पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को निष्कासित करने का एलान किया। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई भारत की कार्रवाई के विरोध में की। भारत ने बुधवार को पाकिस्तानी उच्चायोग के एक स्टाफ को अवांछित घोषित करते हुए निष्कासित कर दिया था। भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया था**

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में छिड़ा संघर्ष:** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। पहलगाम आतंकी हमले में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी। इसके जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर कई आतंकियों को ढेर कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत के शहरों को निशाना बनाते हुए हमले किए, लेकिन भारत ने उन हमलों को रोक दिया। जिसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का नाकाम प्रयास किया। भारतीय पक्ष ने पाकिस्तानी कार्रवाइयों का कड़ा जवाब दिया। 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्षविराम हो गया।

